समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# CM भजनलाल शर्मा के नेतृत्व मे भादरा गांधी पार्क मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ विशाल सामूहिक योगाभ्यास, विधायक संजीव बेनीवाल ने दिलाया 'योग से निरोग, निरोग से सशक्त भारत' का संकल्प

राजेश चौधरी
Published on 22 Jun 2026



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भादरा के गांधी पार्क में विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और आज यह विश्वभर में स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का प्रतीक बन चुका है।

इस अवसर पर भादरा के लोकप्रिय विधायक **श्री संजीव बेनीवाल** की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया तथा सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "**योग से निरोग और निरोग से सशक्त भारत**" का संकल्प प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी आधार है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप स्वस्थ, सशक्त और विकसित राजस्थान के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग से जोड़ने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा हनुमानगढ़ के पदाधिकारी, भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष **श्री मदन राठौड़**, **प्रमोद डेलू**, **हरिप्रकाश शर्मा**, **वीरेंद्रं बेनीवाल** सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए “योग से शांति, योग से शक्ति” के संदेश के साथ स्वस्थ भारत और विकसित राजस्थान के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.